

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**बिहार लोक भवन, पटना–800022**

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–136/2026*

## राज्यपाल ने 'बाढ़ आपदा राहत' सेमिनार में भाग लिया

**पटना 21 जुलाई, 2026** :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने दानापुर कैंटोनमेंट में आयोजित 'बाढ़ आपदा राहत' विषयक सेमिनार में भाग लिया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रभावी आपदा प्रबंधन के लिए सिविल–मिलिट्री फ्यूजन, विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय, संसाधनों की मैपिंग तथा जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज आपदा प्रबंधन केवल राहत एवं बचाव तक सीमित नहीं है, बल्कि पूर्व तैयारी, रोकथाम और समन्वित योजना पर समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है।

सिक्किम में हाल की सुरंग दुर्घटना तथा उत्तराखंड के सिलक्यारा सुरंग बचाव अभियान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी बड़ी चुनौती का सफल समाधान सभी एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों और उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग से ही संभव है।

राज्यपाल ने भारतीय आपदा संसाधन नेटवर्क (आईडीआरएन) के अधिकाधिक उपयोग तथा संसाधनों की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने पर बल दिया। उन्होंने 'आपदा मित्र' की भूमिका की सराहना करते हुए बाढ़ प्रभावित जिलों में सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और जिला प्रशासन की सहभागिता से नियमित संयुक्त अभ्यास आयोजित करने का सुझाव दिया, ताकि आपदा के समय त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार, आपदा प्रबंधन एजेंसियों, सशस्त्र बलों और समाज के सामूहिक प्रयासों से बिहार आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में एक सशक्त और सक्षम मॉडल के रूप में आगे बढ़ेगा।

इस अवसर पर उन्होंने एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ द्वारा प्रदर्शित आपदा राहत एवं बचाव उपकरणों का अवलोकन किया और उनकी तैयारियों की जानकारी ली।

सेमिनार को बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री उदय कांत मिश्र ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बिहार एवं झारखंड सब एरिया के डिप्टी जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) ब्रिगेडियर अमित बेदी एवं अन्य सैन्य अधिकारीगण, आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल, पुलिस महानिरीक्षक श्री सुरेंद्र राणा, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के अधिकारीगण, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

.....................................................